प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

केन्द्र सरकार ईरान से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही हैं भारतीय उच्चायोग के सदस्यों को लेकर एक और उड़ान के आज पहुंचने की उम्मीद हैं इससे पहले, उत्तरी ईरान से लाए गए 110 भारतीय छात्र आज तडके नई दिल्ली पहुंचें मीडिया से बात करते हुए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि सरकार को ईरान से निकासी के लिए 350 से अधिक भारतीयों के अनुरोध प्राप्त हुए हैं उन्होंने कहा कि फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए आज एक विमान तुर्कमेनिस्तान भी जा रहा हैं ईरान और इज़राइल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बिगड़ते हालात को देखते हुए भारत ने ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु की शुरूआत की हैं

00000

अहमदाबाद विमान दुर्घटना में अभी तक 210 मृतकों की डीएनए जॉच से पहचान हो गई हैं गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया है कि अभी तक 187 शव परिजनों को सौंप दिए गये हैं गौरतलब है कि 12 जून को एयर इंडिया की उडान संख्या 171 अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई थीं इस हादसे में विमान में सवार 241 यात्रियों की मृत्यु हो गई थीं ये विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा थां

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज कोटा के कृषि विश्वविद्यालय में आठवें दीक्षांत समारोह में भाग लियां राज्यपाल ने इस अवसर पर कृषि उद्यानिकी और उद्यानिकी संकायों के 14 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक की उपाधि प्रदान कीं
343 विद्यार्थियों को अन्य उपाधियां दी गयीं उन्होंने राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में बनाये गये स्वागत द्वार का लोकार्पण भी कियां इस पर 1 करोड 20 लाख रूपये की लागत आई हैं

00000

अजमेर के किशनगढ में स्थित राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जाएगां समारोह में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी शिरकत करेंगें इस दौरान 49 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जायेंगें इसके अलावा 1 हजार 625 विद्यार्थियों को स्नातक और स्नातकोत्तर वहीं 77 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी जायेगीं इस दौरान शिक्षा मंत्री नैक कक्ष, छात्रावास भोजनालय, नायक जदुनाथ सिंह अकादमिक भवन का लोकार्पण करेंगें इसके साथ ही छात्रावास, आंतरिक खेल संकुल, विश्वविद्यालय मुख्य द्वार एथलेटिक्स ट्रेक और केन्द्रीय विद्यालय भवन का शिलान्यास भी किया जायेगां इससे पहले शिक्षा मंत्री ने आज जयपुर में भी एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कीं उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के नवनिर्मित ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया और समारोह को संबोधित कियां

00000

प्रदेश में चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं करौली में सूचना और जन संपर्क विभाग की ओर से कलक्ट्रेट सभागार में मीडिया राउंड टेबल कार्यशाला रखी गयीं

इस दौरान जल संग्रहण और जल संरक्षण के लिए जिले में अब तक किये गये कार्यो के बारे में मीडिया को जानकारी दी गयीं वहीं झुंझुंनूं की मेडतनी बावडी में श्रमदान किया गयां इसके साथ ही जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने अपने निवास पर पौधा लगाकर पौधरोपण अभियान की शुरूआत कीं उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पर्यावरण और जल संरक्षण की शपथ दिलाईं

00000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर बादल छाये हुए है और बरसात हो रही हैं बांसवाडा और झालावाड में विभिन्न क्षेत्रों में तेज बरसात का दौर जारी हैं मौसम विभाग ने आज अजमेर, टोंक, बूंदी, झालावाड, भीलवाडा और उदयपुर जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात की संभावना व्यक्त की हैं इन स्थानों पर तेज अंधड के साथ बिजली भी गिर सकती हैं वहीं जयपुर सवाईमाधोपुर, बारां, कोटा, झुंझुनूं, चूरू, अलवर, भरतपुर, चित्तौडगढ, करौली, डूंगरपुर, बांसवाडा और प्रतापगढ़ में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया हैं इन जिलों में अलग–अलग स्थानों पर हल्की बरसात की संभावना हैं कल कोटा संभाग और आसपास के जिलों में कहीं भारी तो कहीं अतिभारी बारिश के आसार हैं मौसम विभाग ने मेघगर्जन के समय सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने तथा इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के प्लग निकाल देने का परामर्श जारी किया हैं

00000